प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- आरएएस प्री 2024 परीक्षा का आज प्रदेशभर में कडी सुरक्षा के बीच आयोजन–परीक्षा मे पारदर्शिता के लिए विशेष व्यवस्थाएं।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, कहा–ऐसे आयोजन प्रदेश के लिए आवश्यक।
- बसंत पंचमी पर्व का प्रदेशभर में उल्लास
- राज्य में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज से मौसम में बदलाव की संभावना।

-----------------------------

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस प्री 2024 परीक्षा का आज प्रदेशभर में आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए 2 हजार 45 केंद्र बनाए गए है। परीक्षा के लिए 6 लाख 75 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एक पारी में होने वाली इस परीक्षा के आयोजन को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है। परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर के क्षेत्र में स्थित सभी साइबर कैफे और ई–मित्र, परीक्षा के दौरान बन्द रहेंगे। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि परीक्षा में पादर्शिता बनाये रखने और विद्यार्थियों की सहुलियत के लिए विशेष इंतजाम किए गए है।

-----------------------------

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट 2025–26 को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली है। व्यापार, उद्योग विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री और आम लोगों सहित सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों ने मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रस्तावों की सराहना की है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि ये बजट विकसित भारत 2047 की ओर बढते कदम की दिशा में आशा की किरण है। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गो को ध्यान में रखकर घोषणाएं की गई है। उधर चित्तौडगढ सांसद सी पी जोशी ने कहा कि ये बजट आम जन को काफी राहत पंहुचायेगा।

-----------------------------

पर्यटन व्यवसायी गिरिराज कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा पेश किये गये बजट में मध्यम वर्ग का पूरा ध्यान रखा गया है।

गौरतलब है कि कल वित्तमंत्री ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये प्रति वर्ष तक की आय को आयकर से छूट देने की घोषणा की। वेतनभोगी वर्ग के लिए 75 हजार रुपये की मानक कटौती जोड़ने

पर, 12 लाख 75 हजार प्रति वर्ष की आय पर कर नहीं लगेगा। वित्तमंत्री ने कराधान की नई व्यवस्था में नए आयकर स्लैब भी पेश किए। उच्च शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई अन्य उपायों की घोषणा की गई।

------------------------------

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज सुबह जयपुर के अल्बर्ट हॉल से जयपुर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये इस मैराथन का 16वां संस्करण है। इसकी थीम ''दौड़ते कदमों का उत्सव'' रखी गई है। मैराथन में जयपुर वासियों के साथ 25 देशों के धावक भी हिस्सा ले रहे हैं। मैराथन अलग–अलग श्रेणियों में आयोजित हो रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश के लिए आवश्यक है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है।

------------------------------

बसंत पंचमी के चलते इस बार 10 हजार से अधिक धावक एक साथ पीले कपडो में दौड़ लगाते हुए नजर आये। मैराथन से पहले धावकों ने ओ३म् का आकार बनाया और उच्चारण किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज करौली के नादौती उपखंड स्थित कैमरी के दौरे का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री वहां भगवान जगदीश जी के लक्खी मेले में शिरकत करेंगे, साथ ही किसान सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

------------------------------

बसंत पंचमी का पर्व आज प्रदेशभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न जगहों पर मां सरस्वती के पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर अबूझ सावे होने के कारण शादियों की धूम रहेगी। कई समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किये जा रहे है। इधर, जयपुर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में आज बसंत पंचमी का उल्लास छाया हुआ है। पाटोत्सव के अवसर पर ठाकुर जी के विशेष श्रृंगार और पूजन के साथ श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुँच रहे है।

------------------------------

इससे पहले कल प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में बसंत पंचमी पर्व को लेकर आयोजन हुए। हनुमानगढ़ में भी विद्यालयों में बसंत पंचमी बड़ी धूमधाम से मनायी गई। मां सरस्वती की पूजा कर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

------------------------------

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आज से आम जनता के लिए खोला जा रहा है। यह उद्यान सोमवार को छोडकर बाकी दिनों में सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। उद्यान में प्रवेश निःशुल्क है। प्रवेश के लिए पोर्टल पर भी बुकिंग की जा सकती है। इसका पता है – राष्ट्रपति भवन डॉट जी ओ वी डॉट इन।

------------------------------

प्रदेश में आज से एक और नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव की संभावना है। इससे कई स्थानों पर बारिश के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इसके बाद तापमान में गिरावट हो सकती है।

-------------------------

इस बीच राजधानी जयपुर में आज बादल छाये हुए है। वहीं कल राज्य के कई जिलों में सुबह कोहरे का भी असर रहा।